हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

11 स्वस्थ रहने को संतुलित भोजन जरूरी


12 डोमेस्टिक एयरपोर्ट से चार जगह के लिए हवाई...


## खबर संक्षेप

### केयू ने घोषित किए 10 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने 10 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमए संस्कृत तृतीय सेमेस्टर फ्रेश व री-अपीयर, एमए पंजाबी तृतीय सेमेस्टर सीबीसीएस व नॉन सीबीसीएस, एमएससी अप्लाईड फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया है। एमएससी फोरेंसिक साइंस फ्रेश एनईपी द्वितीय सेमेस्टर, दिसम्बर 2024 में आयोजित बीवोकेशनल बीएफएसआई के तृतीय सेमेस्टर, बीवोकेशनल इंटीरियर डिजाइन के तृतीय सेमेस्टर, तथा एमएससी मास कम्युनिकेशन के प्रथम सेमेस्टर एनईपी तथा तृतीय सेमेस्टर सीबीसीएस का परिणाम घोषित किया गया है।

### कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए एससी आप्रेशन सर्कल के चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक आज होगी।

### किशोर लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की उझा रोड पर रहने वाला एक 13 साल का किशोर घर से लापता हो गया। किशोर नशे का आदी है। वह नशे की पूर्ति के लिए पहले भी घर से चला गया था। जो करीब आठ दिन बाद लौटा था। अब फिर वह निकल गया।

### किशोरी को माथा टिकवाने के बहाने ले गया युवक

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक पड़ोस में रहने वाली किशोरी को शाकुंभरी देवी पर माथा टिकवाने के बहाने से साथ लेकर गया। इसके बाद वापस नहीं लौटा। किशोरी के परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### पानीपत में पड़ोसी ने पिता व पुत्र को पीटा

पानीपत। पानीपत के तहसील कैंप के उत्तम नगर निवासी पिता रमेश व पुत्र गुरूबचन को पड़ोसी परिवार ने बीच गली में मारपीट कर घायल कर दिया। तहसील कैंप थाना पुलिस ने गुरुबचन की शिकायत पर महाबीर, इसके पिता वीरेंद्र व मां संतोष पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी बहादुर चंद को 150 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी बहादुर ने पूछताछ के दौरान बताया कि आरोपी सुमित भी इस मामले में संलिप्त है। पुलिस ने आरोपी समित को भी गिरफ्तार किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर दुल्हन की तरह सजायी जा रही ट्विन सिटी

## शहर को सजाने के लिए दिन रात जुटे हैं निगम के अधिकारी और कर्मचारी

## ट्विन सिटी की हर सड़क व मुख्य मार्ग और चौक सजाए जा रहे

## 14 अप्रैल को पहुंच रहे हैं देश के प्रधानमंत्री, कई सौगात देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- उप निगम आयुक्त ने कार्यों का निरीक्षण किया
- अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए, लावारिस पशु पकड़े

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर ट्विन सिटी(यमुनानगर जगाधरी) दुल्हन की तरह सजने लगा है। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर स्वच्छ यमुनानगर जगाधरी अभियान के तहत शहर की हर सड़क की सफाई कर चमकाया जा रहा है। डिवाइडर, पोल, सड़क किनारों की दीवारों को पेंट करके सुंदर बनाया जा रहा है। नगर निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी दिन रात शहर के सौंदर्यीकरण में जुटे हैं।

विशेष अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त, शहर को लावारिस पशु मुक्त व कचरा मुक्त बनाया जा रहा है। यह इसलिए किया जा रहा है कि देश के प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को यमुनानगर में पहुंचकर थर्मल पावर प्लांट में नई आठ मेगावाट यूनिट का शिलान्यास करेंगे और जिले को अन्य सौगात भी देंगे।



यमुनानगर। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सजाए गए चौक। फोटो : हरिभूमि



**डेकोरेटिव लाइट लगाई**



### निगम ने सुबह से शाम सफाई अभियान चलाया

निगम के जोन में सीएसआई हरजीत सिंह व सुनील दत्त के नेतृत्व में टीमों ने सुबह से लेकर शाम तक शहर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान अंबाला रोड, जगाधरी पांवटा साहिब मार्ग, रेलवे रोड, यमुनानगर जगाधरी मार्ग, वर्कशॉप रोड, सहारनपुर रोड, रादौर रोड व अन्य मार्गों के किनारों की सफाई की। जमी मिट्टी को साफ किया। सड़क किनारे उगी झाड़ियों व घास को काट कर साफ किया गया। डिवाइडरों को साफ कर चकाचक किया गया। इसी तरह अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार के नेतृत्व में कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, नरेंद्र सुहाग, सुखविंद्र सिंह की टीमों ने सड़कों को रिपेयर, जेब्रा क्रॉसिंग व रोड सेफ्टी संबंधित अन्य मानक पूरे किए। चौकों को तिरंगा कपड़ों से सजाया गया। स्ट्रीट लाइट व डेकोरेटिव लाइटों को दुरुस्त कर उन पर तिरंगा लाइट लगाकर शहर को जगमग करने का कार्य किया गया।

### कचरा निस्तारण प्लांट की टीन से की चारदीवारी

निगम अधिकारियों द्वारा कैल कचरा निस्तारण प्लांट की टीन से चारदीवारी की जा रही है। इसके साथ की कचरे पर स्प्रे किया जा रहा है। ताकि उससे बदबू न आए। निगम द्वारा अंबाला रोड पर प्लांट के आसपास सड़क किनारों को मिट्टी से भरकर समतल किया गया है। दीवारों पर स्वच्छता संबंधी संदेश लिखकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। वहीं, डेकोरेटिव लाइटों पर तिरंगा लाइट लगाई जा रही हैं।

### हटाया अतिक्रमण और पकड़े बेसहारा पशु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पूर्व नगर निगम का शहर को बेसहारा पशुओं और सड़कों को अतिक्रमण व कचरा मुक्त करने का प्रयास है। इसी के चलते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर सीएसआई सुनील दत्त की टीम ने रेलवे रोड, वर्कशॉप रोड, यमुनानगर जगाधरी मार्ग से सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किया अतिक्रमण हटाया। इसी तरह सीएसआई हरजीत सिंह की टीम ने जगाधरी के विभिन्न मार्गों से अतिक्रमण हटाया। बीते छह दिन में निगम द्वारा 25 से अधिक बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में पहुंचाया है।

# रैली निकाल स्कूलों में सुविधाओं की दी जानकारी

- नामांकन अभियान के तहत भमनौली में निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव भमनौली में नामांकन अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान शिक्षकों ने घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। टीम में शामिल अध्यापकों ने अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला कराने के लिए प्रेरित किया।



यमुनानगर। भमनौली में जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

शिक्षक नेता महेंद्र कलेर ने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अनेक योजनाएं चला रखी है। सरकारी स्कूलों में दी जाने वाली सुविधाएं, कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए मुफ्त वर्दी, पुस्तकें, स्कूल बैग व स्टेशनरी दी जा रही है। सरकारी स्कूलों में उच्च शिक्षा प्राप्त योग्य व प्रशिक्षित अध्यापक है। सीसीई के अंतर्गत नियमित मूल्यांकन एवं सेट के माध्यम से अवसर एप पर भी परीक्षा ली जाती है। प्रत्येक शनिवार को जॉय फुल सैटरडे मनाया जाता है। बच्चों को खेल खेल में शिक्षा दी जाती है। सभी बच्चों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की जाती है। अनुसूचित जाति के कक्षा छठी एवं नौवी के विद्यार्थियों के लिए मुफ्त साइकिल सुविधा दी जाती है।

# तरावड़ी मंडी मे नमी की वजह से गेंहू की खरीद शुरू नहीं हुई

*एक अप्रैल से खरीद शुरू हो चुकी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

प्रदेश सरकार की ओर से एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। खरीद को देखते हुए जिला में भी प्रशासन की ओर से अनाज मंडी में पुख्ता प्रबंध किए गए हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न झेलनी पड़े। हालांकि अभी तक मंडी में गेहूं की खरीद नहीं हुई है। आज भी 3 हजार क्विंटल गेंहू मंडी मे आमद हुई लेकिन गेहूं में नमी की मात्रा अधिक होने की वजह से सरकारी एजेंसी ने खरीदा नहीं। सरकार द्वारा 12 प्रतिशत नमी की मात्रा तय की गई है। तरावड़ी मंडी सचिव संजीव सचदेवा ने कहा किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडी में पूरे प्रबंध कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। खरीद के दिन तय किये गये है।



मंडी मे आई गेंहू की ढेरियों को साफ करते व सुखाते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### ऑनलाइन नौकरी के लिए किया था आवेदन

# फर्जी फर्म बनाकर दस्तावेजों पर हुआ करोड़ों का लेनदेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- तीन साल बाद दर्ज हुआ केस

फर्जी फर्म बनाकर एक युवक के दस्तावेजों पर करोड़ों रुपये का लेनदेन हो गया। युवक को अपने साथ हुई ठगी का तब पता चला जब वह इनकम रिटर्न भरने गया। अब पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर ठगी का केस दर्ज किया है। पीड़ित रविंद्र ने बताया कि वह सीएससी में काम करने के साथ घर पर भी काम करता है। 2022 में उसने नौकरी के लिए आवेदन किया था। एक व्यक्ति ने उससे दस्तावेज और ओटीपी ले लिया। बाद में आरोपियों का नंबर बंद होने के कारण उसे लगा था कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। वह अपने काम में लग गया था। 2023 में जब वह रिटर्न भरने गया तो अकाउंटेंट ने बताया कि उसके नाम पर करोड़ों का लेनदेन हो रखा है। जिस फर्म के नाम से लेनदेन हो रखा था तो उसका नाम टूलिप क्रिएशन है। ऑनलाइन नंबर निकलने के बाद आरोपी का पता लगा। पीड़ित ने बताया कि आरोपी से संपर्क किया तो उसने मामला खत्म करने की बात कही। इस संबंध में एक शिकायत पड़ाव थाना में दी थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात करने के बाद पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया कि पिछले तीन साल से वह इंसाफ के लिए भटक रहा है।

### युवक से बरामद की 28.82 ग्राम हेरोइन

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर पुलिस टीम ने शहर की तीर्थ नगर कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 28.82 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाने में तैनात एसआई लखविंद्र मसीह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि तीर्थ नगर कॉलोनी में नहर पुल के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 28.82 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं करती लोक परंपराओं का प्रचार : सैनी

*डीएवी पीजी कॉलेज को मिला दूसरा स्थान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने आर्य पीजी कॉलेज पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम दिशाएं में विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इन विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस में दुसरा, रितिका ने सोलो डांस, सुरभि ने भाषण प्रतियोगिता में,प्रिंस ने पोस्टर मेकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

इसमें विद्यार्थियों को 7000 रुपए नगद पुरस्कार राशि, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर उनका स्वागत करते हुए कहा कि सांस्कृतिक विधाएं विद्यार्थियों को लोक संस्कृति, परंपराओं और साहित्य से परिचित करवाने का कार्य करती हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों को अपनी सामाजिक विरासतों से जुड़ने का मौका मिलता है।

उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से लोक परंपराओं का प्रचार-प्रसार होता है। जिससे समाज में जागरूकता पैदा होती है।



### दो छात्रों का इसरो के लिए चयन हुआ



**इसराना।** पानीपत के गांव कुराना स्थित ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का चयन इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम 2025 के लिए हुआ है। जिसमें भारती पुत्री नरेश शर्मा गांव कुराना, कृष खैंची पुत्र शुकरामपाल गांव अहार शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यह एक बेहद प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। जिसमें पूरे देश भर से केवल 350 विद्यार्थी ही चुने जाते हैं। हरियाणा को मात्र 10 सीट मिली थी। इनमें से दो पर ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव अहर व कुराना के विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है जो न केवल विद्यालय व गांव बल्कि जिले के लिए गर्व की बात है।

# छत पर उगाए थे 4.714 किलो अफीम के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- थर्माकोल के तीन डिब्बों में उगाए गए थे अफीम के पौधे
- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को किया गिरफ्तार

नई नंदा कॉलोनी में एक व्यक्ति ने घर की छत पर अफीम के पौधे उगा रखे थे। फरकपुर चौकी पुलिस ने छापामारी कर घर की छत पर उगे अफीम के पौधों को बरामद कर लिया। जिनका कुल वजन 4 किलो 714 ग्राम हुआ। पुलिस ने मौके से मौके से आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार फरकपुर चौंकी में तैनात एएसआई मनोज कुमार ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि शहर की नई नंदा कॉलोनी निवासी कृष्णपाल सिंह ने अपने घर की छत पर अफीम की खेती की हुई। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी के घर की छत पर जाकर जांच की तो वहां पर थर्माकोल के तीन डिब्बों में हरे रंग के काफी पौधे उगे हुए दिखाई दिए। उन पौधों के ऊपर डोडे लगे हुए थे। जांच करने पर यह अफीम के पौधे पाए गए। पुलिस टीम ने अफीम के पौधों को कब्जे में लेकर उनका वजन किया तो वह 4 किलो 714 ग्राम था।

पुलिस ने मौके से आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**कार्यक्रम** — कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे ज्योतिराव फुले : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि ज्योतिबा फुले भारत में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। वे एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने जाति व्यवस्था, महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की और उनकी विरासत में जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई, महिलाओं के सशक्तिकरण और हाशिए पर पड़े लोगों तक शिक्षा के प्रसार में कई योगदान शामिल हैं। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले, उनके सुधार आंदोलन और विरासत का मूल्यांकन विषय पर भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि ज्योतिबा फुले एक क्रांतिकारी समाज सुधारक थे जिन्होंने अपना जीवन जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ने और हाशिए पर पड़े समुदायों के अधिकारों की वकालत करने के लिए समर्पित कर दिया। हमें उनकी शिक्षाओं का अपने जीवन में पालन करना चाहिए। इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर के प्रभारी प्रोफेसर एस.के. चहल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व संगोष्ठी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि ज्योतिबा फुले ऐसे दौर में निकले समाज सुधारक है जब चारो तरफ सामाजिक जागरूकता के अभियान चले हुए थे। उन्होंने समरसता का भाव रखते हुए शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्थान का कार्य किया। इसके बाद डॉ. अम्बेडकर व कांशी राम ने इस कार्य को आगे बढ़ाया। संगोष्ठी के गेस्ट आफ आनर रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता के प्रो. हितेन्द्र पटेल ने कहा कि ज्योतिबा फुले का काम सामाजिक न्याय, समानता और प्रगति की ओर भारत की यात्रा का आधार है। फुले सिर्फ सामाजिक सुधार नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन चाहते थे।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा।

### इतिहासकारों ने ज्योतिराव फुले को यथा स्थान नहीं दिया: पद्मश्री प्रो. रघुवेन्द्र तंवर

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष व एमरेटस पद्मश्री प्रो. रघुवेंद्र तंवर ने कहा कि इतिहासकारों ने ज्योतिराव फुले को यथा स्थान नहीं दिया। ज्योतिबा फुले के समतामूलक और समावेशी समाज के दृष्टिकोण ने भारत में कई सामाजिक सुधार आंदोलनों की नींव रखी। उनके कार्यों ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर सहित कई समाज सुधारकों को प्रेरित किया और आधुनिक भारत की सामाजिक न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता औरंगाबाद के प्रोफेसर उमेश बागडे, ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### *8 अप्रैल को होगा समापन सत्र*

*लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 8 अप्रैल 2025 को दोपहर 12.30 बजे सीनेट हॉल में समापन सत्र में प्रोफेसर विश्वनाथ शिंदे, पूर्व निदेशक, महात्मा जोतिबा फुले चेयर, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी, पुणे मुख्य अतिथि होंगे और समापन भाषण देंगे। प्रोफेसर विक्टर बाबू, इतिहास विभाग, बीबीएयू, लखनऊ सम्मानित अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि प्रो. अर्चना मलिक-गौरे, दर्शनशास्त्र विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई, सम्मानित अतिथि होंगी तथा प्रो. सुभाष चंद्र सैनी, हिंदी विभाग, समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगे।*

## खबर संक्षेप



### हवन में मेयर रेनू बाला गुप्ता ने की शिरकत

**करनाल।** चेयरपर्सन मेघा भंडारी के नेतृत्व में माता प्रकाश कौर श्रवण एवं निशक्त जन कल्याण केंद्र, करनाल में नए शिक्षण सत्र 2025-26 की शुरुआत पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज द्वारा करवाए गए हवन यज्ञ में सभी की आहुति से वातावरण पवित्र और मंगलमय बना। इस अवसर पर करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता और वार्ड नंबर 8 से नगर निगम पार्षद संकल्प भंडारी, केंद्र के सहायक निदेशक दिनेश सिंह, आर्य समाज सेक्टर 6 के प्रधान आनंद, योगेश, आर्य समाज महिलाएं व सभी अध्यापक रहे।



### अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारंभ किया

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने नई अनाज मंडी कुंजपुरा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा खोली गई अटल किसान मजदूर कैंटीन का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मार्किट कमेटी की सरिता चौधरी व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को फूल माला पहनकर व बुके देकर सम्मानित किया। इस कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। विधायक ने दूसरे लोगों के साथ मिल बैठ कर इस कैंटीन में बने भोजन का स्वाद चखा और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए भोजन की प्रशंसा की।



### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**तरावड़ी।** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कैलाश गर्ग की देखरेख में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावडी द्वारा औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान तरावड़ी में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस मौके पर औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान तरावड़ी में सभी बच्चों की रक्त की जांच की गई तथा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति स्वस्थ रहने के बारे बताया गया। तथा बच्चों की रैली भी निकाली गई। डॉ अरविन्द ने बताया कि स्वस्थ रहना ही अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। इस दौरान लड़कियों को भी स्वस्थ रहने की सलाह दी गई और कहा कि अगर एक लडक़ी स्वस्थ रहती है तो उसके द्वारा अनेक जिंदगी स्वस्थ रहती हैं।

## आए दिन दुपहिया वाहन चालक रात के अंधेरे में गड्ढों में गिरते हैं

# हादसों का कारण बन रहे हैं नूरमहल चौक से मेरठ रोड तक जाललेवा गड्ढे, हर समय जान का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





करनाल में सडक़ों का बुरा हाल हैं। सडक़ों की बदहाली हादसों को न्यौता दे रही हैं। करनाल की स्मार्ट रोड से लेकर रेलवे रोड सहित विभिन्न मार्गों का बुरा हाल हैं। करनाल में नूरमहल चौक से लेकर साईं बाबा का मंदिर, नूरमहल चौक से ऊधम सिंह चौक , साईं बाबा मंदिर चौक से मेरठ रोड के चौक तक सडक़ पर खसडढ़े या खडूढों में सडक़ नजर आती हैं। कई जगह तो एक फुट के भी खडढ़े बने हुए हैं। रात कों इन सडक़ों पर अंधेरा छाया रहता हैं। सडक़ पर बजरी बिखरी रहती ळैं। यहां पर आए दिन दो पहिया वाहन चालक चौटिल होते दिखाई दे जाते हें। कुंजपुरा रोड से मेरठ रोड तक बनी लंबी सडक़ का निर्माण हुण कुछ ही अरसा हुआ हैं। लेकिन इस सडक़ पर अनगिनित गड्ढे बन गए हैं। यह पूरा मार्ग तीन वार्डों से होकर गुजरता हैं। नगरनिगम अधिकारी अब तक चुनावी मोड में थे। यहां से गुजरने वालों का दर्द यहां के लोग ही जानते हैं। यह मार्ग पाश कालोनियों को जोड़ता है। इस मार्ग पर तीन तीन विधायक विधानसभसा स्पीकर भी गुररते रहते हैं। लेकिन किसी का भी ध्यान इस मार्ग की बदहाली की तरफ नहीं गया। करनाल शहर को स्मार्ट बनाने की कबायत केवल चालान काटने सये लेकर वाहन चालकों को परेशान करने तक सीमित होकर रह गई हैं। लकिन यहां की ट्रेफिक सिगनल और सडक़े भगवान भरोसे हैं। करनाल अब सीएम सिटी तो नहीं रह गई हैं। यही कारण ळै कि यहां की सडक़ों की बदहाली शुरू हो गई हैं। यहां से गुजरने वाले लोग जब गड्ढों में गिर कर चौटिल होते हैं तो वह करनाल के हाकिमों की संवेदनहीहनता पर आंसू बहाकर खामोश रह जाते हैं। स्थानीयस निवासियों ने करनाल की मेयर और विधायक से लोगों की सुध लेने की मांग की हैं। करनाल में लोगों की आवाज उठाने वाला विपक्ष तो केसरिया रंग में रंग गया हैं। मजबूत सेवदनहीन विपक्ष के

### अखाड़ा बाबा सहज गिरी गौ चिकित्सालय एवं गौ धाम की बैठक

**करनाल।** अखाड़ा बाबा सहज गिरी गौ चिकित्सालय एवं गौ धाम में कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विचार विमर्श हुआ। वर्तमान में प्रधान सुशील गुप्ता की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें फिर से प्रधान नियुक्त किया गया। आगामी दो वर्षों के लिए सुशील गुप्ता प्रधान पद की जिम्मेवारी संभालेंगे। सदस्यों ने फूल मालाएं डालकर प्रधान सुशील गुप्ता को शुभकामनाएं बधाई दी। सुशील गुप्ता ने कहा कि गायों की सेवा और संरक्षण के लिए और बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सतीश गुप्ता, राजेश बंसल, पवन सिंगला, राज कुमार सिंगला, प्रभात किशोर गोयल, ऋषिपाल हेमदा आदि रहे।

## अमरूत 2.0 का कार्य पूरा करेगा नगर निगमः डॉ. वैशाली शर्मा

# लाल डोरा क्षेत्र वासियों को जारी करें प्रॉपर्टी कार्ड, 30 तक पूरा करें प्रॉपर्टी आईडी कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला नगर आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को शहर में चल रही विकास परियोजनाओं, प्रॉपर्टी आई.डी. स्व प्रमाणिकरण व आपत्ति, मुख्यमंत्री घोषणा, आवारा पशु मुक्त, विज्ञापन तथा अनाधिकृत कॉलोनी को पक्का करने जैसे विभिन्न बिन्दूओं को लेकर नगर निगम अधिकारियों तथा नगर पालिका सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की। लाल डोरा क्षेत्र वासियों को वितरित करें प्रॉपर्टी कार्ड- उन्होंने क्षेत्रीय कराधान अधिकारी तथा नगर पालिका सचिवों को निर्देश दिए कि लाल डोरा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरण करने का कार्य तेजी से करें। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित भी किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 30 अप्रैल 2025 तक प्रॉपर्टी आई.डी. को 100 प्रतिशत स्व-प्रमाणिकरण का लक्ष्य रखा गया है, इसे पूरा करें। इसके लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। कितनी आई.डी. स्व-प्रमाणित की जा रही हैं, उसकी जानकारी रोजाना भेजी जाए।



अधिकारियों की बैठक लेंती जिला नगर आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य नगर योजनाकार धर्मपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण, मोनिका शर्मा व प्रियंका सैनी, तकनीकी विशेषज्ञ महीपाल सिंह व सतीश शर्मा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, सहायक नगर योजानकार संदीप राठी, सफाई निरीक्षक, सहायक सफाई निरीक्षक तथा नगर पालिका सचिव मौजूद रहे।

#### विकास परियोजनाएं हों समय पर पूरी

- उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं तथा नगर पालिका इंजीनियरों को निर्देश दिए कि उनके अधीन क्षेत्र में जितनी भी विकास परियोजनाएं चल रही हैं, सभी टाईम लाईन में मुकम्मल करवाई जाएं। उन्होंने गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई निर्माण एजेंसी सही से कार्य नहीं करती तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जाए, ताकि वह दोबारा से कार्य न कर सके। उन्होंने बैठक में कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट, स्काडा तथा दिव्य नगर योजना जैसी बड़ी परियोजनाओं पर भी अभियंताओं के साथ चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की घोषणाओं को भी समय पर करने के उन्होंने निर्देश दिए। जन संवाद व हरपथ पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को भी गम्भीरता से लिया जाए।

**अमरूत 2.0 का कार्य जल्द किया जाए**

उन्होंने बताया कि अमरूत 2.0 का कार्य जन स्वास्थ्य विभाग की बजाए नगर निगम करेगा, इसे लेकर सरकार की ओर से निर्देश जारी हो गए हैं। उन्होंने निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द अपनी तैयारियां शुरू कर दी जाएं, ताकि शहरवासियों को सीवरेज व वाटर सप्लाई जैसी बेहतर सुविधाएं दी जा सकें।

#### 92 विज्ञापन साईट पर अपलोड

बैठक में जिला नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की 92 विज्ञापन साईट को ई-ऑक्शन के लिए पोर्टल पर अपलोड किया गया है। इनमें बस क्यू शैल्टर की 16, साईकिल स्टैण्ड की 13 तथा यूनिपोल की 63 साईटें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी वैंडर अगर यह साईट लेना चाहता है, तो वह 28 अप्रैल 2025 तक ऑनलाईन पोर्टल **ulb.project247.in** पर आवेदन कर सकता है। एक मई को ई-ऑक्शन की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले यूनिपोल की 24 साईटों को ऑक्शन की जा चुकी है।

#### अवैध विज्ञापन पर करें कार्रवाई

उन्होंने विज्ञापन शाखा के प्रवर्तन दल को सख्त निर्देश दिए कि अवैध विज्ञापन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से शहर में कोई भी विज्ञापन नहीं लगना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति लगाता है, तो उसे जुर्माना नोटिस जारी किया जाए। अगर वह फिर भी नहीं मानता, तो उसकी एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाए। उन्होंने कहा कि देखने में आया है कि हाल ही में करवाई गई पेंटिंग पर भी कुछ लोगों द्वारा पोस्टर इत्यादि लगाए गए हैं, उनकी भी एफ.आई.आर. करवाई जाए।

**प्रशासन की सख्ती**

### अवैध खनन की टीम ने दो वाहन किए जब्त



करनाल। जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम में शामिल एचएसइएनबी की टीम एएसआई नवीन कुमार, इएचसी सुमित ने माइनिंग चेकिंग के दौरान एक ट्रक वाहन को पकड़ा व उक्त जीपीएस फोटों लेकर करनाल के पुलिस लाईन में खडा किया गया। खनन विभाग को सूचना उपरान्त खनन विभाग द्वारा सीज किया गया। इसी प्रकार टीम द्वारा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त किया जिसके चालक के पास वैध ई-रवाना बिल नहीं पाया गया इसको घरौंड़ा थाना में मौके पर ही सीज कर दिया गया।

### राजीव गांधी खेल स्टेडियम बसताड़ा और गोगड़ीपुर में प्रशिक्षण हुआ शुरू

**करनाल।** जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने कहा कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम, बसताड़ा और राजीव गांधी खेल परिसर गोगड़ीपुर में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। काफी संख्या में आसपास में बच्चें प्रशिक्षण के लिए स्टेडियम में पहुंच रहे हैं। इसके साथ-साथ स्टेडियम की साफ-सफाई भी करवाई गई हैं। बता दें कि खेल स्टेडियम में प्रशिक्षकों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने कहा कि राजीव गांधी परिसर, बसताड़ा में एथलेटिक्स कोच रिषी कुमार, जूनियर बॉक्सिंग कोच रवि कुमार तथा जूनियर हैंडबॉल कोच सोनिया को नियुक्त किया है।

## अनाज मंडी मे आढ़ती एसोसिएशन की ओर से गेहूं के सीजन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अनाज मंडी मे आढ़ती एसोसिएशन की ओर से गेहूं के सीजन का शुभारंभ करते हुए आढ़तियों को गेंहू के लिये बारदाना बांटने की प्रक्रिया शुरू की। सबको नियमानुसार बाद बारदाना वितरित किया गया। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान ने सभी आढ़ती भाइयों से अपील कि जिस भाई को जितना बारदाना चाहिए वह नियमानुसार ले सकता है। इसके अलावा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने अपील कि जिस भाई आढ़ती का ऑनलाइन फॉर्म आढ़ती एसोसिएशन के कार्यालय में आएगा एसोसिएशन उस तारीख को माल उठाने के लिए बाध्य होगी। इसके अलावा आढ़ती एसोसिएशन ने एक इमरजेंसी लोडिंग करवाने के लिए कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी लोडिंग इमरजेंसी जांचने के लिए रहेगी अगर वह जांच में जरूरत समझती है वह उसकी लोडिंग करवाई जाएगी इस लोडिंग कमेटी में अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, घनश्याम दास गर्ग, अशोक बंसल, नरेंद्र शर्मा, कृष्ण राणा, ईश्वर चौधरी, व बनवारी लाल काठपाल रहेंगे और किसानों के एंट्री गेट का पास का समय सुबह 6:00 से 6:30 तक रहेगा।




तरावड़ीआढ़ती ऐसोसिएशन के सदस्य बारदाना बांटते हुए।

## कवि सम्मेलनः तालिबानी अब्बा चाचा जो भारत में आएंगे ओसामा की तरह समंदर में दफनाए जाएंगे

- जो आतंकी घाटी में बारूदी गर्म हवा देंगे हम उनको जन्नत की सत्तर हूरों से मिलवा देंगे
- राष्ट्र कवि हरिओम पंवार कर्ण की धरा पर आतंकवाद और तालिवानियों पर जम कर गरजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





श्री अग्रवाल सभा सैक्टर सात द्वारा कर्णेश्वर मंदिर में समाजिक मिलन कार्रूक्रम के तहत कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कवि सम्मेलन में बीर रस के राष्ट्र कवि हरिओम पंवार ने कविताओं के माध्यम से लोगों में औज भर दिया। उन्होंने समाजिक और राजनीतिक बिसंगतियों पर कड़े प्रहार किए। उन्होंने कारगिल के शहीद पर कबिता पढ़ कर लोगों की आांखों को नम कर दिया। उन्होंने आम आदमी की आवज को अपनी जन कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनकी कविता से समाज की पीढ़ा झलक रही थी। इस कवि सम्मेलन में अनिल अग्रवंशी और दिनेश बाबरा ने अपनी हास्य कविताओं से ज्वलंत मुदुदों पर कड़ा प्रहार किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक जगमोहन आंनद थे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर करनाल की मेयर रेनू वाला गुप्ता भाजपा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ब्रज गुप्ता लिबर्टी के एमडी शम्मी बंसल, माडर्न डेयरी के डा. पी के जैन प्रकाश चंद्र बंसल, सुशील गर्ग, अजय गुप्ता, डा. तरूण गोयल, चिषिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों का स्वागत सभा के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, योगेश गोयल, नीरज अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अनिल गोयल, विकास गुप्ता सतबीर मित्तल ने किया। रात के शांत बातावरण में कवियों ने अपनी कविता पढ़ीं। राष्ट्र कवि हरिओम पंवार ने सभी को बांध कर रखा। उन्हों‍न अपनी कविता के माध्यम से सासंदों और विधायकों के निधि बंद करने को कहा। उन्होंने कवियों के पूंजीवाद का विरोध किया।

## सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी ने सर्वसम्मति से प्रो. एसएस बरगोटा को चेयरमैन चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की आम सभा का आयोजन करनाल क्लब में किया गया। चुनाव प्रक्रिया के बाद सर्वसम्मति से प्रो. एस.एस. बरगोटा को वर्ष 2025-27 के लिए चेयरमैन चुना गया। चुनाव अधिकारी की भूमिका एसएम कुमार व सहायक चुनाव अधिकारी की भूमिका प्रो. आरके गौड़ ने अदा की। इससे पहले पूर्व चेयरपर्सन अंजु शर्मा ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों की रिर्पोट पढ़ी। उन्होंने कहा कि सीजीसी सदैव जनहित में कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर महासचिव एसके शर्मा, सचिव प्रो. वीके बंसल, संरक्षक प्रमोद गुप्ता, पूर्व चेयरमैन गुरविंद्र सिंह, एपीएस चोपड़ा, एसएम कुमार, लाजपत राय चुचरा, संदीप लाठर, सलाहकार डा. करूणा अरोड़ा, वाइस चेयरमैन प्रो. बी.आर. गुलाटी, ओपी सचदेवा, निरूपमा सदर, केएल विरमानी, उपभोक्ता संरक्षण एवं आरटीआई उप समिति के सलाहकार बी.बी. पाहवा, प्रधान नरेंद्र सुखन, सचिव पारस अरोड़ा, शिक्षा सुधार उप समिति के सलाहकार सुरेंद्रा सिंह, प्रधान डा. एसके गोयल, सचिव प्रो. आरके गौड़, बिजली एवं दूरभाष उप समिति के सलाहकार ज्ञान अरोड़ा, प्रधान केके शर्मा, सचिव कुंदनलाल शर्मा, कानून व्यवस्था उप समिति के प्रधान विपिन शर्मा, सडक़ सुरक्षा एवं नगर स्वच्छता उप समिति के सलाहकार वीर विक्रम कुमार, रमेश कपूर, प्रधान परमिंद्र पाल सिंह, सचिव नीतिन गोयल, महिला एवं बाल कल्याण उप समिति की सलाहकार डा. सरिता ठाकुर, प्रधान प्रो. संतोष बक्शी, सचिव प्रतिभा बंसल, सुरेश खन्ना, केबी मल्होत्रा, भीमसेन नागरू, मलकीत सिंह, अश्वनी गुप्ता, रमिंद्र कुमार, गोपीनाथ आर्य, परमजीत सिंह आहूजा, राजेश नरूला, श्याम सुंदर आदि रहे।



तरावड़ी। आढ़ती ऐसोसिएशन के सदस्य बारदाना बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### किया सम्मानित

नवनियुक्त चेयरमैन प्रो. एसएस बरगोटा ने कहा कि सीजीसी के सभी सदस्यों के साथ मिलकर जन समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का काम करेंगे। समिति की ओर से पूर्व चेयरमैन अंजु शर्मा, उप समिति के प्रधानों, सदस्यों, वाइस चेयरमैनों व पूर्व चेयरमैनों को सम्मानित किया गया।

## विरोध में 7 दिन की हड़ताल की घोषणा की गई थी

# हड़ताल पर गए बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा में बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेता हड़ताल पर चले गए हैं। बीते रोज कुरुक्षेत्र में हुए सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में 7 दिन की हड़ताल की घोषणा की गई थी। सोमवार को करनाल में भी हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। करनाल बीज मार्केट में सभी दुकानें बंद रही। जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन के जिला प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदेशभर से पांच हजार से अधिक बीज उत्पादकों, पेस्टीसाइड्स निर्माताओं व विक्रेता सरकार द्वारा बनाए गए इस कानून के विरोध में हैं। नए कानून को वापस लेने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कानून में व्यापारियों के खिलाफ असंगत धाराएं लगाई गई हैं, जिससे किसी भी आदमी का इस व्यापार में रहना संभव नहीं है। पूरे प्रदेश में पिछले कई दिनों से तहसील व जिला स्तर पर व मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करके इस मसले पर सरकार से गुहार लगाई गई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। जिला स्तर पर भी विधायकों को ज्ञापन सौंपे गए। उन्होंने कहा कि सात दिन की हड़ताल के बाद भी कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया तो इस व्यापार को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर किया जाएगा। रामकुमार गुप्ता ने कहा कि कई राज्यों से सभी बड़ी कंपनियों व बीज, पेस्टीसाइड, फर्टिलाइजर एसोसिएशन से भी भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ है।उन्होंने भी हरियाणा में बीज व पेस्टीसाइड सप्लाई न करने का निर्णय लिया। यहां बता दें कि जल्द ही खरीफ सीजन की बिजाई शुरू होने को है और अगर सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान न दिया तो आने वाले दिनों में यह किसानों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन सकता है। नए आदेशों में विक्रेता दुकानदारों को अधिक आर्थिक दंड और तीन साल की सजा का प्रावधान किया गया है। इसे गैर जमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया है, एसोसिएशन का कहना है कि यह तर्कसंगत नहीं है। करनाल जिले के सभी विधायकों को सौंपे ज्ञापन जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन की ओर से करनाल जिले के सभी विधायकों को कानून के विरोध में ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन सौंपने वाले ट्रेडर्ज में महासचिव गुरमेज सिंह, कोषाध्यक्ष बृजजलाल गर्ग, नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान देवेंद्र चौहान, घरौंडा प्रधान सुशील गर्ग, इंद्री प्रधान रमन कुमार, निसिंग प्रधान विनोद गोयल, करनाल प्रधान विकास बंसल, असंध प्रधान महेंद्र गोयल राधेश्याम राणा, पवन अग्रवाल, गोपीचंद आर्य आदि रहे।



#### करनाल जिले में हैं 850 दुकानें, सभी बंद रही

एसोसिएशन के जिला प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि करनाल में बीज दवा बेचने वाली लगभग 850 दुकानें हैं। करनाल सिटी में इन दुकानों की संख्या लगभग 125 है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हड़ताल के पहले दिन सभी 850 दुकानें पूर्ण रूप से बंद रही। सरकार द्वारा बनाए गए काले कानून के विरोध में दुकानदारों को हड़ताल पर जाना पड़ा है। इससे प्रभावित होने वाले किसानों व अन्य लोगों की परेशानी के लिए सरकार ही सीधे तौर पर जिम्मेवार है।

### मांगों को लेकर कर्मचारियों ने विरोध जताया

**करनाल।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग करनाल में कार्यरत कच्चे सफाई कर्मचारी पिछले सात दिनों से फिल्ड में काम नहीं कर रहे। दो महीने से कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया। इसके अलावा कई अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी अपना विरोध जता रहे हैं। एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले सोमवार को कर्मचारियों ने गेट मीटिंग की। अध्यक्षता उपप्रधान प्रवेश ने की व संचालन जिला सचिव सुलतान सिंह ने किया। यूनियन के सर्कल प्रधान सेवाराम बड़सर ने कहा कि करनाल में कच्चे सफाई कर्मचारियों की संख्या 55 है। सभी कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे हैं। पिछले दो महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया।

## खबर संक्षेप

### स्कूल से सामान चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव सींक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से चोरों ने मिड डे मील बनाने का सारा सामान चोरी कर लिया। मिड डे मील की सेविका को स्टोर रूम का ताला टूटा मिला। स्कूल के प्राचार्य सुधीर ने मतलौडा थाना पुलिस को शिकायत दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उन्होंने बताया कि चोर स्कूल के स्टोर से पांच बड़े सिल्वर के पतीले, तीन सिल्वर के तसले, दो सिल्वर की बाल्टियां, एक कुकर, एक स्टील की डेगची और 60 स्टील के गिलास चोरी हो गए हैं।

### इको चालक की हादसे में मौत

**पानीपत।** पानीपत के सनौली गांव के क्षेत्र में हरिद्वार हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ड्राइवर ने बीच सड़क पर अचानक कट मारा और गति कम कर दी। जिससे पीछे से आ रही एक इको गाड़ी उसमें जा टकराई। इको के उसमें टकराने से इको ड्राइवर कर्ण निवासी गांव बडौली जिला पानीपत की मौत हो गई। जबकि राममेहर निवासी गांव इसराना, मंजीत, हंस और राहुल निवासी बतरा कॉलोनी पानीपत घायल हो गए। इधर, पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता

**पानीपत।** बापौली थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। उसके पति ने पुलिस को बताया कि गांव का ही युवक सरेआम उठा ले गया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि महिला अपनी मर्जी से युवक संग गई है। इसके बाद थाना बापौली पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### श्री राम कथा का हुआ शुभारंभ

**समालखा।** समालखा में सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर माता पूली रोड पर दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ हो गया। वहीं कथा में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री दिवेशा ने कहा कि राम कथा सुनने वाले भक्त भाग्यशाली होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रभु की कथा जीवन जीने की कला सिखाती है। यह हमें सही मार्ग दिखाती है। वैदिक काल से कथा का आयोजन होता आ रहा है। प्रभु की भक्ति का यह सबसे सरल मार्ग है।

### पुलिस ने शराब तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के आरोप में विपिन रावत निवासी बिहार को गिरफ्तार किया है। आरोपी से देसी शराब बरामद का गई। वहीं, थाना इसराना के हेड कॉन्स्टेबल शिव प्रसाद की शिकायत पर आरोपी पर एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने अशोक विहार कॉलोनी स्थित पम्मी के बंद मकान का ताला तोड़कर सोने व चांदी के गहने चोरी करने की वारदात में शामिल फरार चल रहे दूसरे आरोपी अजय निवासी अशोक विहार कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है। पानीपत। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना किला में पम्मी पत्नी हरपाल निवासी अशोक विहार कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस टीम ने मोबाइल छीनने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस की टीम मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने गिरोह के आरोपी अमन उर्फ भूरा निवासी अशोक विहार कॉलोनी लोनी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को बागपत से गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उक्त वारदात बारे थाना समालखा में कमल निवासी गांव भोडवाल माजरी जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पर्यावरण को घना करें

**इसराना।** राजकीय महाविद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ.हरिओम ने कालेज प्रांगण में पौधरोपण करते हुएकहा कि पेड़ पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है।

---

अतिथियों को शाल, पौधा व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया

# आईबी कॉलेज के 120 लोगों ने मानवता के लिए रक्तदान किया

**मेयर कोमल सैनी ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव सेवा और परोपकार पर टिकी होती है**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत




पानीपत। आईबी कालेज में रक्तदानियों को हौसला बढ़ाते हुए अतिथिगण व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज में युवा रेड क्रॉस, एनएसएसए, एनसीसी इकाइयों एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सिविल अस्पताल, पानीपत के रक्त केंद्र के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान दिया। शिविर डॉ.विक्रम कुमार, डॉ. जोगेश, खुशबू एवं डॉ.नरवीर के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें मेयर कोमल सैनी, उपायुक्त डॉ.विरेंद्र दहिया मुख्य अतिथि रहे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एनएसएस संयोजक डॉ. आनन्द कुमार भी पहुंचे। महाविद्यालय की प्रबन्धक समिति से महासचिव एलएन मिगलानी, सदस्य रवि गोसाईं, परमवीर धींगरा, युधिष्ठिर मिगलानी, रमेश नागपाल, चन्द्रशेखर शर्मा, राजेश नागपाल, अशोक मिगलानी, प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, उप प्राचार्या डॉ.किरण मदान, डॉ.नीलम, डॉ.पूनम मदान, डॉ.निधान सिंह, डॉ.अर्पणा गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों को शाल, पौधा व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव सेवा और परोपकार पर टिकी होती है। रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो प्रत्यक्ष रूप से जीवन बचाने में सहायक होता है। आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने रक्तदान शिविर से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। वहीं उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है जो न केवल जरूरतमंदों की जान बचाती है, बल्कि समाज में सहयोग और मानवता की भावना को भी सुदृढ़ करती है। इसके लिए आयोजक व सभी सहयोगी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर डॉ.सीमा, डॉ.राजेश कुमार, कनक शर्मा, डॉ.स्वाति पुनिया, डॉ.नेहा पुनिया, हिमांशी, डॉ.अंजलि, डॉ.ज्योति गहलोत, संगीता, सोनिया, पवन कुमार, अजयपाल सिंह, डॉ.सुनीता रानी, डॉ.शर्मिला यादव, माधवी, डॉ.प्रवीण कुमार, डॉ.चेतना नरूला, डॉ.पूनम गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, डॉ.नीतू मनोचा, सोनल डोगरा, अंशिका रानी आदि उपस्थित रहे।

**सभी का आभार जताया**

*एलएन मिगलानी ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल प्रस्तुत की है। प्राचार्या डॉ.मलिक ने सभी रक्तदानियों व सहयोगियों का आभार जताया। शिविर में 120 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।*

---

# फसलों की औसतन पैदावार जानने को निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। कृषि विभाग के अधिकारी फसलों का निरीक्षण करते हुए।

हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंचकूला के उपनिदेशक डॉ. प्रदीप गुलिया ने पानीपत खण्ड, समालखा उपमण्डल और बापौली खण्ड में सरसों एवं गेहूं की फसल के कटाई के अंतरगर्त चिन्हित प्लाटों का कटाई के पश्चात प्रयोगों का निरीक्षण किया गया। डॉ. प्रदीप गुलिया ने बताया कि फसल कटाई प्रयोग के तहत फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। इन प्रयोगों के माध्यम से फसल की उत्पादकता गुणवत्ता और कटाई के समय की स्टीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, कृषि उपनिदेशक डॉ. आत्माराम गोदारा ने बताया कि जिले में उच्च अधिकारियों द्वारा अपनी देखरेख में फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण किया जाता है ताकि सरकार को सही आकड़े प्रस्तुत किए जा सके। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के सहायक सांख्यीकी अधिकारी हरबंश सिंह, विषय विशेषज्ञ एग्रो डॉ. अरविन्द, सांख्यिकि सहायक प्रदीप आर्य, ब्लॉक के खण्ड कृषि अधिकारी और बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि म्रगांक दिवेदी मौजूद रहे।

---

# आर्ट टीचर संदीप को सम्मानित किया

- **विद्यालय शिक्षा विभाग पानीपत ने गणतंत्र दिवस पर शिक्षा विभाग की झांकी शिक्षा रथ का टॉपिक चुना था**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल के आर्ट टीचर संदीप राठी को सम्मानित करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल पानीपत में आर्ट टीचर संदीप राठी को विद्यालय शिक्षा विभाग पानीपत के द्वारा सम्मानित किया गया। आर्ट टीचर संदीप राठी ने बताया कि विद्यालय शिक्षा विभाग पानीपत ने गणतंत्र दिवस पर शिक्षा विभाग की झांकी शिक्षा रथ का टॉपिक चुना था। जिसमें आर्ट टीचर संदीप राठी ने प्लाईवुड पर घोड़ा और रथ चित्र ओके कर बहुत ही बारीकी से कशीदाकारी की और अपनी तूलिका और एक्रेलिक रंगों के माध्यम से बहुत ही सुंदर शिक्षा रथ का डिजाइन चित्रित किया और उसको ट्रैक्टर पर सेट किया। जिसके कारण विद्यालय शिक्षा विभाग की झांकी में चार चांद लग गए और झांकी को देखने वाले मुक्त कंठ से शिक्षा विभाग की प्रशंसा करने लगे।

---

### समस्याओं का तेजी से हो रहा है समाधान

**पानीपत।** जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि परमार्थ के लिए अधिकारी अपने आप को समर्पित करके जनसमस्याओं का कम से कम समय में समाधान कर रहे हैं। अधिकारियों के प्रभावी प्रयासों से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान हो रहा है। सामाजिक कल्याण के लिए प्रशासन द्वारा इस दिशा में अभूतपुर्व कार्य किया जा रहा है। इसके लिए अधिकारी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। वहीं, समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम के संयुक्त-आयुक्त डॉ. संजय व जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने कहा कि पारदर्शी व जवाबदेही के साथ सभी अधिकारियों कार्य कर रहे हैं।

---

# अमृत के समान है श्रीमद् भागवत कथा: साक्षी

- **भगवान श्री कृष्ण जो भी करते है वो दिव्य हैं उनका जनम, कर्म, उनकी लीलाएं सब दिव्य हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत





पानीपत। श्रीमद् भागवत कथा करते हुए साक्षी गोपाल दास व श्रीमद् भागवत का पूजन करते हुई श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

इस्कॉन कुरुक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक नगरी पानीपत में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने कथा व्यास करते हुए बताया कि भागवत कथा को ही अमर कथा बताया गया हैं क्यों जो भागवत कथा है वो अमृत के समान है जो इस भागवत कथा का श्रवण करता है इस प्रकार वह अमृत का सेवन करता हैं और जो व्यक्ति अमृत का सेवन करता हैं वह अमर हो जाता हैं और यह बात भगवान शिव ने पार्वती जी को बताई थी। साक्षी जी ने यह भी बताया जी भगवान श्री कृष्ण जो भी करते है वो दिव्य हैं उनका जनम, कर्म, उनकी लीलाएं सब दिव्य हैं। यह भी बताया जी पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीलाओं का अनुकरण किया जा सकता हैं और करना चाहिए जबकि भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का अनंत चिंतन करना चाहिए और जो व्यक्ति भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का अनंत चिंतन करता हैं वह भक्त भगवान श्री कृष्ण को अति प्रिय हो जाता हैं। भागवत गीता में भगवान श्री कृष्ण ये कहते है कि जो भगवान के भक्त की भक्ति करता है वो भगवान श्री कृष्ण को सबसे ज्यादा प्रिय हैं। इस अवसर पर इस्कॉन प्रचार समिति के अध्यक्ष सुन्दर लाल चुघ, सहअध्यक्ष अशोक गोयल, देवेंद्र महाजन, इंद्रजीत कथूरिया, पंकज मेंहदीरत्ता, भुवन चुघ, अरविंद सिंघल, अवि जैन आदि उपस्थित रहे।

**नृत्य करने को प्रेरित किया**

साक्षी जी ने यह भी बताया कि भगवान श्री राम का धर्म साधारण धर्म है, लक्ष्मण जी का धर्म विशेष धर्म है भरत जी का धर्म विशेषतर धर्म मना गया है और शत्रुघ्न जी का धर्म विशेषतम धर्म माना गया है क्योंकि भरत जी भगवान श्री राम की सेवा करते थे और उनके भक्त थे और शत्रुघ्न जी भरत जी की सेवा करते थे इसलिए उनके धर्म को विशेषतम धर्म कहा गया है क्योंकि भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि है कि जो भगवान के भक्त की सेवा और भक्ति करता है वो मुझे बहुत प्रिय है और एक सुंदर भजन गाया की जय राधा माधवा जय कुंजबिहारी जय गोप जन बल्लभ जय गिरधर हरि यशोदा नंदन ब्रज जन रंजन यमुना तीर बन चारी जय राधा माधवा जय कुंजबिहारी नामक भजन गाकर सबको नृत्य करने के लिए प्रेरित किया।

---

### मंडियों में 29968 क्विंटल सरसों की आवक हुई

**पानीपत।** पानीपत जिला में सरसों की कटाई के बाद मण्डी में पहुंचने का कार्य अंतिम समय में पहुंच चुका है। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 29968.92 क्विंटल की आवक हो चुकी है व 28894.95 क्विंटल की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि पानीपत मण्डी में 10741.22 क्विंटल की आवक हुई है व 10706 क्विंटल की खरीद हुई है। समालखा मण्डी में 7986.6 क्विंटल की आवक हुई है। 7573.85 क्विंटल की खरीद हुई है। मडलौडा मण्डी में 4301.1 क्विंटल की आवक हुई है व 4291.1 क्विंटल की खरीद हुई है। बापौली में 71 क्विंटल की आवक हुई व 71 क्विंटल की खरीद हुई है। इसराना मण्डी में 6869 क्विंटल की आवक हुई व 6253 की खरीद हुई है। बाबरपुर मण्डी में खरीद का कार्य नही हो पाया।

---

# भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी

- **युवाओं से भाजपा से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। भाजपा के युवा नेता चेतन तनेजा भाजपा का झंडा लगाते हुए।

भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता चेतन तनेजा ने कहा कि जनता के घर पर भाजपा का झंडा लगाते हुए कहा कि भाजपा की गौरवशाली यात्रा का यह 46वां स्थापना दिवस है। वहीं, स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूरे जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

उन्होंने कहा कि भाजपा, विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भाजपा की राष्ट्र भक्ति के चलते ही पार्टी की केंद्र सरकार और 15 राज्यों में सरकारें है, छह राज्यों में अन्य पार्टियों के सहयोग से सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य राष्ट्रवाद अंत्योदय और अखंड भारत का निर्माण करके विकसित भारत बनाना भी है। उन्होंने युवाओं से भाजपा से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है।

---

### नशे के खिलाफ मुहिम में भागीदार बन रहा पानीपत

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में साइक्लोथॉन-2.0 - हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना- टैगलाइन के साथ नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में पानीपत जिला की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

बुधवार, 16 अप्रैल को भारी संख्या में साइक्लोथॉन का स्वागत जिला में समालखा के रास्ते प्रवेश के दौरान किया जाएगा। डीसी डाक्टर विरेदंर कुमार दहिया ने बताया कि नशे के खिलाफ मुहिम में प्रशासन के साथ ही आमजन की सहभागिता के साथ बेहतर प्रबंधन में साइक्लोथॉन को अगले जिला करनाल के लिए वीरवार, 17 अप्रैल को रवाना किया जाएगा।

---

# हडताल पर गए खाद, बीज डीलर्स

- **नए सीड एवं पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत




पानीपत। नए सीड एवं पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पेस्टिसाइड, खाद, बीज निर्माता व डीलर्स। फोटो : हरिभूमि

नए सीड एवं पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल के पेस्टिसाइड, खाद- बीज निर्माता और डीलर्स एक सप्ताह की हड़ताल पर चले गए हैं। अगर एक सप्ताह तक डीलर्स हड़ताल पर रहते हैं, तो इसका सीधा असर कपास के साथ-साथ ज्वार की बिजाई पर पड़ेगा। इतना ही नहीं, पानीपत से उत्तर प्रदेश के शामली, कैराना, बागपत अन्य क्षेत्रों में पानीपत से सप्लाई किए जाने वाले माल पर भी रोक लग गई है। जिससे सीधे तौर पर हरियाणा के अलावा यूपी के किसानों को बीज नहीं मिलने पर दिक्कत होगी। स्मरणीय है कि नकली बीज आदि बनाने व बेचने पर प्रदेश सरकार ने अर्थदंड एवं कारावास के प्रावधान कड़े किए गए हैं, इन कानूनों को बीज उत्पादक, विक्रेता एवं कीटनाशी निर्माता और विक्रेताओं की आपत्तियां सुने बिना पास किया गया है।

---

### योग से शरीर होता है निरोग

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्तिथ ब्रह्माकुमारीज सेंटर, सद्भावना सोसाइटी, महर्षि दयानंद सोसाइटी, श्री कृष्णा सोसाइटी, हिमालय एनक्लेव, गोकुलधाम एनक्लेव द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सर छोटू राम पार्क में कार्यक्रम किया गया। जिसमें सभी ने मिलकर योगा किया। वहीं सेक्टर 25 सेंटर की संचालिका बीके अंजना ने स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए कहा की स्वास्थ्य है तो जीवन है।

### रानी लक्ष्मी बाई शाखा की अध्यक्ष बनी चिंदा

**पानीपत।** आहुजा स्वीट्स अंसल में भारत विकास परिषद रानी लक्ष्मी बाई शाखा पानीपत की विशेष बैठक संगीता सेठी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 2025-26 के लिए सर्वसम्मति से सुनील चिंदा को अध्यक्ष, मनीषा शर्मा को सचिव, महेंद्र खत्री को कोषाध्यक्ष, संजुला कक्कड़ को महिला संयोजिका का दायित्व दिया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने उनको सौंपे गए उत्तरदायित्व के लिए सभी सदस्यों का आभार जताया था।

---

प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 110 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया

# बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर हरियाणा बने रिजवान

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। एनपीसी वर्ल्ड वाइड हरियाणा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के विजेता अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

एनपीसी वर्ल्ड वाइड हरियाणा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन आर्य पीजी कॉलेज के सभागार में हुआ। यह प्रतियोगिता प्रवीण नांदल फिटनेस व आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त त्वावधान में आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 110 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एनसपी मिस्टर हरियाणा का खिताब रिजवान को मिला। जबकि सुमित को मिस्टर पानीपत चुना गया। वहीं, बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी नवीन भाटिया, नगर निगम एक्सईएन राहुल पुनिया, डॉ. जसबीर मलिक, विजय सहगल, चेतन तनेजा, अमित खुसरिजा ने किया। इस मौके पर सुनील लोचब, ओमप्रकाश, नरेन्द्र चौहान, ऋषिआनंद, केसरी न्यूट्रीशन के सीओ कृष्ण मलिक, ग्रैपलिंग संघ ऑफ हरियाणा के तकनीकी निदेशक संजीव तोमर, आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल, गगन वत्स डॉ. पारस सहगल, विक्रम ख़र्ब, बिजेंद्र सूरा, आर्यन नांदल, सुनील कादयान आदि मौजूद रहे।

**मेयर कोमल सैनी व दिनेश सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की**

प्रतियोगिता के आयोजन कमेटी के मुख्य सचिव प्रवीण नांदल ने बताया कि एनपीसी वर्ल्ड वाइड हरियाणा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में पानीपत मेयर कोमल सैनी व दिनेश सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारा उद्धेश्य खेलों के माध्यम युवाओं को नशे की पजो केवल खेलों के द्वारा ही संभव हो सकता है। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में समाजसेवी बीर सिंह नरवाल, सितेंद्र दत्त ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका डॉ. सोम और उनकी टीम ने बख़ूबी निभाई। जिस से प्रतियोगिता के सभी इवेंट पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो सकी।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

उपनेश कुमार बतरा सुपुत्र लेट श्री राम दिता मल निवासी मकान नं 408-आर, माडल टाउन पानीपत। बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपनेश कुमार बतरा सुपुत्र लेट श्री राम दिता मल निवासी मकान नम्बर 408-आर, माडल टाउन, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि यह श्री रामदिता मल सुपुत्र श्री लखमी दास की मृत्यु दिनांक 28/12/1983 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति चन्द्रवती धर्मपत्नी श्री राम दिता मल की मृत्यु दिनांक 27/09/2016 को हो चुकी है। यह श्री रामदिता मल सुपुत्र श्री लखमी दास की मृत्यु के बाद 1 वारिस है। 1. उपनेश कुमार सुपुत्र श्री राम दिता सुपुत्र श्री लखमी दास है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। पटवारी हल्का तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोंट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है- यह कि रामदिता मल सुपुत्र श्री लखमी दास मृत्यु के बाद अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नही है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/ नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 03-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में तीन गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मनोज, सौदाम व शफीक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को सात दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। जींद के नवीन ने 21 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने इस्टमैन ऑटो एंड पवार लिमिटेड कंपनी से ट्रक में बैटरियां को लादकर असम न पहुंचाकर धोखाधड़ी कर विश्वासघात करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि प्रयास यह रहना चाहिए कि समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द हो। जिन समस्याओं के समाधान करने में किसी प्रकार का समय लगना है ऐसी समस्याओं के बारे में शिकायतकर्ता को भी अवगत करवाएं।

### फसलों की कटाई का किया निरीक्षण

**अंबाला।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अंतर्गत मौजूदा सीजन रबी 2024-25 में गेहूं, सरसों, सुरजमुखी, जौं तथा चना की फसलों के बीमे का प्रावधान है जिसके तहत प्रत्येक गांव में चार-चार फसल कटाई प्रयोग कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए जाते है। इसी कड़ी में मंजीत कौर (सहायक सांख्यिकी अधिकारी), कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सीजन रबी 2024-25 के दौरान गांव छपरा में गेंहू की फसल के कटाई का निरीक्षण किया गया।

### नगराधीश ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर में पहुंचे प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को गंभीरता से समाधान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दे रहे थे। नगराधीश ने समाधान शिविर में पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना और समाधान करने के निर्देश दिए। गर्ग ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिलास्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

---

जांच के दौरान जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था करने के आदेश

# डोमेस्टिक एयरपोर्ट से चार जगह के लिए हवाई जहाज भरेंगे उड़ान, विज ने किया मुआयना

- सुरक्षा के लिए कोलकाता से पहुंचे मल्टीपल सिक्योरिटी इक्यूपमेंट्स
- अंबाला छावनी डोमेस्टिक एयरपोर्ट से पहले देश के चार प्रमुख स्थानों जम्मू, अयोध्या, श्रीनगर और लखनऊ के लिए फ्लाइट शुरू हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुआयना करते परिवहन मंत्री अनिल विज



अंबाला। डोमेस्टिक एयरपोर्ट का मुआयना करते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सोमवार को डोमेस्टिक एयरपोर्ट का मुआयना किया। मौके पर मौजूद डीसी अजय तोमर, नगर निगम आयुक्तएवं अन्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। विज ने बताया कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट में सुरक्षा के लिए कोलकाता से मल्टीपल सिक्योरिटी इक्यूपमेंट अंबाला छावनी में पहुंच चुके हैं। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि इन उपकरणों में अंडर व्हीकल सर्च मिरर के अलावा एक्सप्लोसिव चेक, ड्रग चैक एवं अन्य तरह के आधुनिक उपकरण शामिल हैं। विज ने बताया कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर यात्रियों के सामान को चेक करने के लिए दो एक्सरे मशीन भी इंस्टाल कर दी गई है। एक मशीन हैंड बैगेज चेक करने के लिए लगाई गई है जबकि दूसरी लगेज को चेक करेगी। एयरपोर्ट पर उन्होंने मशीनों को भी चेक किया। उन्होंने मौके पर मौजूद डीसी अजय तोमर को डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर स्टाफ की शीघ्र तैनाती को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि डीसी सेंट्रल एविएशन और स्टेट एविएशन मंत्रालय से बातचीत करें ताकि स्टाफ को जल्द तैनात किया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने एयरपोर्ट पर साफ सफाई पूरी तरह से बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एयरपोर्ट पर शौचालयों, वेटिंग रूम, हॉल, पार्किंग व आउटर एरिया की पूरी सफाई नियमित तौर पर की जाए। इसी प्रकार एयरपोर्ट पर पानी की सप्लाई को लेकर पब्लिक हेल्थ विभाग के एक्सइएन को दिशा-निर्देश दिए।

### अच्छे पौधे लगाएं

उन्होंने कहा किसी कार्य में कोई रुकावट न आए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

विज ने एयरपोर्ट पर खाली भूमि पर पीडब्ल्यूडी बागवानी विभाग को भी सुंदर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा पूरे क्षेत्र में अच्छे पौधे लगाकर इसे पूरी तरह से खूबसूरत बनाया जाए। गौरतलब है कि अंबाला छावनी में डॉमेस्टिक एयरपोर्ट स्थापित हो सका है जहां से जल्द विमान सेवा प्रारंभ होगी। विमान सेवा प्रारंभ करने को लेकर कुछ समय पूर्व विज ने केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की थी जिसके बाद तुरंत प्रभाव से इस कार्य ने तेजी पकड़ी। यहां की व्यवस्थाएं पूरी की गई। एयरपोर्ट की सभी इमारतें पूरी तरह से तैयार हैं। यहां सुरक्षा स्टाफ भी तैनात हो चुका है। अंबाला छावनी डोमेस्टिक एयरपोर्ट से पहले देश के चार प्रमुख स्थानों जम्मू, अयोध्या, श्रीनगर और लखनऊ के लिए फ्लाइट शुरू हो रही है। यहां डॉमेस्टिक एयरपोर्ट बनने से अंबाला के आसपास शहरों के अलावा अन्य राज्यों के लोगों को भी विमान सेवा का लाभ मिलेगा।

---



अंबाला। शील्ड व प्रमाण पत्र के साथ छात्र। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय पीजी महाविद्यालय में एप्टीट्यूड टेस्ट प्रतियोगिता में हिमांशु ने मारी बाजी

**अंबाला।** राजकीय पीजी महाविद्यालय, अंबाला छावनी के गणित विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी सैनी के दिशा-निर्देशन में एप्टीट्यूड टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता गणित, सामान्य ज्ञान, रीजनिंग एवं अंग्रेजी पर आधारित थी। सभी प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशु (बीएससी प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान शिवांश (बीएससी प्रथम वर्ष) और तृतीय स्थान हर्षल (बीकॉम प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा ने विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



नारायणगढ़ गेहूं की कटाई का मुआयना करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से हो रही गेहूं की खरीद

**नारायणगढ़।** अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद हैफेड और वेयर हाउस द्वारा की जाएगी। मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को हैफेड द्वारा तथा मंगलवार, वीरवार, शनिवार तथा रविवार को वेयर हाउस द्वारा गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोमवार को हैफेड द्वारा गेहूं की खरीद की गई है। खरीद सीजन को देखते हुए मंडी में बिजली, पानी, स्ट्रीट लाईट, शौचालय तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई है। जिससे कि गेहूं की उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए। सरकार द्वारा गेहूं का निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

---

## भाजपा के स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों ने पार्टी के इतिहास पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीटिंग के दौरान भाजपा के पदाधिकारी।

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को पूर्व निगम सदस्य जसवीर सिंह जस्सी के निवास स्थान वार्ड नंबर 9 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वार्ड नंबर 9 के परिवार जनों को संबोधित करते हुए नप सदस्य रेनू चौहान ने पार्टी के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कार्यक्रम में आने पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण कौर ने स्वच्छ अंबाला छावनी के अपने संकल्प को दोहराया। पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजेंद्र चौहान ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण कौर, वार्ड नंबर 9 के सदस्य रेनू चौहान पूर्व सदस्य जसबीर सिंह से सदस्य बलविंदर कौर ,महेंद्र सेठी, महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा पुरी, सुरेंद्र सेठी, वीके वैद शक्ति केंद्र प्रमुख नीरज शर्मा, बूथ अध्यक्ष सुनील कनौजिया ,मदनलाल ,अमरजीत, पवन कुमार, मुन्ना, विवेक वैद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा ,महामंत्री पुनीत सरपाल अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



नए शिक्षा सत्र के दौरान मौजूद प्रिंसिपल व अन्य।

### यज्ञ के साथ डीएवी स्कूल में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

**अंबाला।** डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में सोमवार को विद्यालय में हुआ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ हुआ। इस सत्र का आरंभ करते हुए विद्यालय में यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आरआर सूरी व मुख्य अतिथि शेनू अग्रवाल(सीए)ने विद्यालय में आए नए छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा कर व उनको तिलक लगाकर शुभ आशीष दिया। छात्रों को नियंत्रण प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने व प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय में कार्टून डोरेमोन ने बच्चों को टॉफियां वितरित की व उनका मनोरंजन किया।

## ओजस में फिजिशियन-मॉडिफाइड फेनेस्ट्रेटेड एंडोवैस्कुलर एनेयुरिजज्म रिपेयर सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला



अल्केमिस्ट हॉस्पिटल्स की यूनिट ओजस हॉस्पिटल, पंचकूला में 73 वर्षीय महिला मरीज में जीवन के लिए खतरा बनी ऐऑर्टिक (महाधमनी) एन्यूरिज़म का क्षेत्र की पहली फिजिशियन-मॉडिफाइड फेनेस्ट्रेटेड एंडोवैस्कुलर एनेयुरिज़्म रिपेयर (ईवीएआर) सर्जरी दुवारा सफलतापूर्वक इलाज किया गया। यह जटिल लेकिन मिनिमली इनवेसिव सर्जरी, वैस्कुलर केयर के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है और ट्राईसिटी में अब तक की गई केवल पांच ऐसी सर्जरियों में से एक है। मरीज की ऐऑर्टिक में 6 सेंटीमीटर चौड़ा एन्यूरिज़म था जो दिल से पूरे शरीर में खून पहुंचाने वाली मुख्य धमनी का खतरनाक रूप से फूल जाना होता है। यदि इसका इलाज न किया जाए तो इसके फटने का खतरा होता है, जिससे मृत्यु दर 80-90 प्रतिशत तक होती है। पारंपरिक ओपन सर्जरी जो अब तक इसका एकमात्र इलाज था , बुजुर्ग मरीजों के लिए अत्यधिक जोखिम भरा होता है, जिसमें 7-8 घंटे की सर्जरी और दोनों किडनियों व आंतों की धमनी के बायपास शामिल होते हैं। इन जटिलताओं से बचने के लिए, ओजस और एल्केमिस्ट हॉस्पिटल के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जन डॉ अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में वैस्कुलर टीम ने फिजिशियन-मॉडिफाइड फेनेस्ट्रेटेड तकनीक अपनाई। डॉ अग्रवाल ने बताया, यह अत्याधुनिक प्रक्रिया हमें ऑपरेशन टेबल पर ही स्टेंट में छोटी-छोटी फेनेस्ट्रेशन (होल) बनाकर उसे मरीज की स्थिति के अनुसार अनुकूलित करने की सुविधा देती है, ताकि मुख्य धमनी से निकलने वाली किडनी और आंतों की महत्वपूर्ण धमनियों में रक्त प्रवाह बना रहे। श्स्टेंट शरीर के अंदर लगाने के बाद इन फेनेस्ट्रेशन के माध्यम से चार अतिरिक्त स्टेंट डाले जाते हैं ताकि आवश्यक अंगों तक निरंतर रक्त आपूर्ति बनी रहे। पूरी सर्जरी केवल 3 सेंटीमीटर की छोटी सी चीरा से की गई जो पारंपरिक ओपन सर्जरी में लगने वाले बड़े चीरे की तुलना में कहीं कम है, और मरीज को मात्र दो दिन बाद ही स्थिर स्थिति में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

---

## स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देना युवा पीढ़ी के लिए जरूरी

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस विभाग की ओर से प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी की देखरेख में किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर आधारित थी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, पर्याप्त विश्राम, धूम्रपान व शराब से दूरी, और शिशु को स्तनपान कराना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत जरूरी है। डॉ. विज ने छात्राओं से अपने स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने और संतुलित पौष्टिक आहार को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने भी छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि जीवन की असली संपत्ति अच्छा स्वास्थ्य है। उन्होंने कहा की गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित जांच, जरूरी है।

### पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस के बढ़े दामों से टूटेगी जनता की कमर: जैन

**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने केंद्र सरकार ओर से पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस के दाम बढ़ाए जाने का कड़ा विरोध किया है।



रोहित जैन

उन्होंने कहा कि जनता पहले ही महंगाई की मार से त्रस्त है। ऐसे में अब सरकार ने जनता पर पेट्रोल डीजल व एलपीजी के दाम बढ़ाकर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। जैन ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनावों में जनता के वोट लेने से पहले उन्हें महंगाई कम करने के लुभावने लालच दिए थे। सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार लगातार जनता पर जुल्म कर रही है। उन्होंने कहा की इससे पहले राज्य सरकार ने हरियाणा मे 1 अप्रैल 2025 से बिजली दरों में तीन महीनों में 67 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई गईं थी लेकिन अब पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ाकर लोगों पर राज्य व केंद्र सरकार ने दोहरी मार डाली है।

एक सप्ताह तक दुकानें बंद रखने का फैसला, नए कानून पर उठाए सवाल

## राज्य सरकार के नए फरमान का विरोध 1600 बीज विक्रेता हड़ताल पर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



सरकार के फैसले का विरोध करते बीज विक्रेता।

नए बीज कानून का हर तरफ विरोध हो रहा है। सोमवार को जिले में करीब 1600 बीज विक्रेताओं ने दुकानें बंदकर सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया। इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ बीज विक्रेताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। अंबाला सीड पेस्टेसाइट फर्टिलाइजर डीलर एसोसिएशन के प्रधान राजकुमार गुप्ता ने कहा कि नए कानून में पुलिस की संलिप्ता से दुकानदारों की परेशानी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष कृषि विभाग के अधिकारी बीजों की गुणवत्ता की जांच करते हैं। अगर किसी भी प्रकार की कमी निकलती थी तो मामला कोर्ट के अधीन चला जाता था। जिसमें दुकानदारों को राहत मिलती थी। उन्होंने कहा कि निर्माता कंपनी से बीज खरीदता है और उसे बेचता है। दुकानदार कंपनी से ही बीज खरदीता है। अगर कोई कमी मिलती है तो उसमें कंपनी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

---

सख्ती | इस साल बरसाती पानी से शहर को बचाने की कवायद तेज

## बरसाती सीजन से पहले नालों की सफाई को लेकर प्रशासन गंभीर, निरंतर हो रही जांच

- पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि रितेश गोयल ने निगम कमिश्नर,जॉइंट कमिश्नर और निगम अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। नालों की सफाई का जायजा लेती जांच टीम। फोटो : हरिभूमि

इस साल बरसाती पानी से शहर को बचाने और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन गंभीर नजर आ रहा है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि रितेश गोयल ने निगम कमिश्नर,जॉइंट कमिश्नर और निगम अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया।

इस दौरे के दौरान उन्होंने नालों की सफाई व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों की सफाई निर्धारित समय के भीतर अच्छे तरीके से पूरी की जाए, ताकि बारिश के मौसम में किसी भी प्रकार की जलभराव की समस्या न हो । इस दौरान नेताओं और निगम अधिकारियों ने शहर के अलग अलग हिस्सों में जाकर अलग नालों व बड़ी ड्रेन्स की सफाई का जायज़ा लिया। निगम कमिश्नर ने अपने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिए कि नालों की सफाई कार्य को समय रहते पूरा किया जाए, ताकि बरसात के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस मौके पर डिप्टी मेयर राजेश मेहता और मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा भी उपस्थित रहे। बता दें कि बरसाती सीज़न से पहले हरकत में आये नगर निगम व जन प्रतिनिधियों के एक्शन से इस बार अंबाला शहर के नागरिकों को बरसाती पानी से राहत मिलने की उम्मीद है और शहर में जलभराव की समस्या से बचाव के प्रयासों को लेकर लोगों में सकारात्मकता दिखाई दे रही है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की ओर से काठे माजरा में कार्यक्रम

## परमात्मा एक निराकार बिंदू, उसे हर धर्म के लोग अलग-अलग रूप में करते हैं याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था के सदस्य।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से गांव काठे माजरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसमें उपस्थित सभी को मेडिटेशन के फायदे बताए गए। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन अगर हम प्रतिदिन करते हैं तो हम बड़ी से बड़ी बीमारियों को भी ठीक कर सकते हैं उन्होंने सभी को संस्था के साथ जुड़कर मेडिटेशन के माध्यम से अपने जीवन को तनाव मुक्त बनाने की प्रेरणा दी।

बीके प्रीति बहन ने सभी को संस्था का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि संस्था पूरे विश्व में शांति के लिए प्रयासरत है हर वर्ग के लोग संस्था से जुड़कर अपने क्षेत्र में में बहुत अच्छी सेवाएं दे रहे हैं । उन्होंने सबको आत्मा का परिचय देते हुए कहा कि हम सबके अंदर चैतन्य शक्ति आत्मा है जो उस परमपिता परमात्मा का बच्चा है और वह आत्मा 7 गुणों का स्वरूप है जब हम उनके गुणों को जानकर उन्हें अपने जीवन में प्रयोग करेंगे तो हमारा जीवन बहुत सुखी बन जाएगा। बीके अंजलि बहन ने सभी को परमपिता परमात्मा का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि परमात्मा वह हो सकता है जिसको सब धर्म के लोग किसी न किसी रूप में अपना पिता स्वीकार करते हैं और वह एक निराकार ज्योति बिंदु ही हो सकता है जिसको हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी किसी ने किस रूप में याद करते हैं। सब धर्म गुरुओं में अपनी उम्र उंगली ऊपर की तरफ दिखाई कि वह ऊपर रहता है वह एक है तो वह निराकार ज्योति बिंदु से परमात्मा ब्रह्मा कुमारीज के माध्यम से अपना सत्य ज्ञान सुना रहे हैं। सेवा केंद्र प्रभारी बीके हरदीप बहाने सभी को बधाई दी और नवरात्रि के नव वर्ष की भी बधाई दी और सभी के जीवन को तनाव मुक्त बनाने के लिए विशेष टिप्स दिए भ्राता सुरेंद्र ने गीत के माध्यम से सभी को पिता परमात्मा से जोड़ा।

### अब सप्ताह में दो दिन आयोजित होंगे समाधान शिविर

**अंबाला।** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005